28 DEC nov- janj-BHOOMI-PG-1_Layout 1 12/28/2023 9:36 PM Page 1

हरिभूमि
# जांजगीर-चांपा भूमि
बिलासपुर, शुक्रवार, 29 दिसंबर 2023
अकलतरा | बलौदा | नवागढ़ | पामगढ़ | मालखरौदा | जैजैपुर | डभरा | सक्ती

तापमान
अधिकतम 28.0 डिग्री
न्यूनतम 12. 0 डिग्री

4
कमिश्नर ने धान उपार्जन केंद्र का किया औचक निरीक्षण



## खबर संक्षेप

### नहरिया मंदिर के पास युवक ने ट्रेन में कूदकर की खुदकुशी

**जांजगीर-चांपा।** नहरिया बाबा मंदिर के पास रेलवे ट्रैक पर एक युवक का कटा हुआ शव मिला है। युवक ने ट्रेन के सामने कूदकर आत्महत्या की है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। घटना नैला चौकी थाना क्षेत्र की है। नैला पुलिस को रेलवे स्टेशन मास्टर से सूचना मिली थी कि रेलवे ट्रैक पर एक युवक चपेट में आया है। जिसकी मौत हो गई है। गुरुवार 28 दिसंबर की सुबह 10 बजे पुलिस घटना स्थल पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। युवक की पहचान रवि कश्यप उम्र 21 वर्ष निवासी इंदिरा नगर के रूप में हुई है। युवक ने ट्रेन के सामने कूद कर अपनी जान दी है। नैला चौकी प्रभारी संगम राम ने कहा कि युवक ने आत्महत्या के कारणों का पता लगाया जा रहा है। उसके पास से कोई सुसाइड नोट भी बरामद नहीं हुआ है।

### साढ़े 5 लीटर कच्ची महुआ शराब के साथ एक गिरफ्तार

**जांजगीर-चांपा।** साढ़े 5 लीटर कच्ची महुआ शराब के साथ एक आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। मामला शिवरीनारायण थाना क्षेत्र का है। 27 दिसंबर को मुखबिर के जरिए पुलिस को सूचना मिली कि देव प्रसाद नोनिया निवासी खालहेपारा खरौद द्वारा कच्ची शराब की बिक्री करता है। पुलिस ने छापेमारी कार्रवाई की। जिस पर उसके कब्जे से 5.5 लीटर कच्ची महुआ शराब को जब्त किया आरोपी के खिलाफ धारा 34 (2) आबकारी एक्ट के तहत गिरफ्तार किया गया।

अजय केशरवानी बने अध्यक्ष, योगेश सचिव निर्वाचित

# जिला अधिवक्ता संघ का चुनाव सुबह मतदान शाम को परिणाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

जिला अधिवक्ता संघ के चुनाव को लेकर न्यायालय परिसर में पूरे दिन गहमागहमी रही। सुबह मतदान हुआ तो शाम होते तक मतगणना के साथ परिणाम की घोषणा भी हो गई। इस दौरान अजय केशरवानी अध्यक्ष और योगेश गोपाल सचिव निर्वाचित हुए। सभी निर्वाचित पदाधिकारियों को प्रमाण पत्र प्रदान किया गया।

गुरूवार 28 दिसंबर को जिला मुख्यालय जांजगीर में जिला अधिवक्ता संघ का चुनाव सम्पन्न हुआ। तय कार्यक्रम के मुताबिक पीठासीन अधिकारियों की मौजूदगी में विधिवत मतदान की प्रक्रिया प्रारंभ हुई। इस दौरान संघ के पंजीकृत कुल 456 मतदाताओं में से 403 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। मतदान सम्पन्न होने के साथ ही मतों की गणना हुई। तत्पश्चात परिणाम की घोषणा की गई। इस दौरान जो परिणाम घोषित हुए है। उसके अनुसार अध्यक्ष पद के उम्मीदवार अजय केशरवानी ने अपनी जीत दर्ज की। उन्हें सर्वाधिक 232 मत मिले। जबकि उनके निकटतम प्रतिद्वंदी सुरेश खूंटे को 117 तथा संतोष दुबे को 51 मत मिले। वहीं 3 मत निरस्त हुए। इस तरह से श्री केशरवानी ने 115 मतों के अंतर से अपनी जीत दर्ज की। इसी प्रकार उपाध्यक्ष पद पर विनीत राठौर विजयी हुए। उन्हें 148 मत मिले। जबकि उनके प्रतिद्वंदी सनत पटेल को 132, तोताराम पटेल को 102, कृष्ण कुमार को 120 मत मिले, जबकि 1 मत निरस्त हुआ। उपाध्यक्ष महिला के लिए उषा शांडिल्य 147 मत पाकर विजयी हुई। इसी चुनाव में उनके प्रतिद्वंदी लक्ष्मी यदु को 131, विद्या राठौर को 117 मत मिले तथा 8 मत निरस्त होना बताया गया। सचिव पद पर योगेश गोपाल को विजयश्री हासिल हुई। योगेश को 169 मत मिले, जबकि उनके निकटतम प्रतिद्वंदी रामनारायण राठौर 153, सूरज गोस्वामी को 78 और 3 मत निरस्त हुए। कोषाध्यक्ष पद पर दीपक राठौर विजयी हुए। दीपक को 226 तथा उनके प्रतिद्वंदी ज्योति राठौर को 165 मत मिले। वहीं 12 मत निरस्त हुए। चुनाव परिणाम होने के बाद विजयी पदाधिकारियों और उनके समर्थकों में उत्साह की लहर दौड़ गई। उनका फूलमाला व गुलाल लगाकर स्वागत किया गया। बधाई देने का सिलसिला देर रात तक चलता रहा।


विजय प्राप्त करने के बाद प्रसन्न चित्त मुद्रा में विजयी पदाधिकारी।


मतों की गिनती करते पीठासीन अधिकारी।

# बीईओ आफिस में रामराज
# 12 में से 9 मिले अनुपस्थित
## नायब तहसीलदार ने किया औचक निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ पामगढ़

नायब तहसीलदार एवं उनकी टीम द्वारा विकासखंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय का औचक निरीक्षण किया गया। इस दौरान स्टाफ के 12 में से 9 कर्मचारी अनुपस्थित पाए गए। खास बात यह है कि इनमें से 3 सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी भी शामिल है। नायब तहसीलदार द्वारा अनुपस्थित पाए गए कर्मचारियों का पंचनामा कर कार्रवाई के लिए एसडीएम को सौंपा गया है।

ज्ञात हो कि पामगढ़ बीईओ कार्यालय का नायब तहसीलदार पुष्पेन्द्र राज एवं उनकी टीम द्वारा cqवार 28 दिसंबर को औचक निरीक्षण किया गया। इस बीच अधिकारियों की टीम द्वारा सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी एवं कर्मचारियों के आने जाने का समय एवं उपस्थिति को लेकर जानकारी मिली कि यहां पदस्थ 12 स्टाफ में से 9 स्टाफ बिना किसी सूचना के अनुपस्थित पाए गए। स्टाफ के अनुपस्थिति को लेकर अधिकारियों की टीम द्वारा पंचनामा तैयार कर कार्रवाई के लिए एसडीएम को जानकारी दी गई है। इसके पूर्व भी शासकीय महामाया उत्तर माध्यमिक विद्यालय पामगढ़ में भी आकस्मिक निरीक्षण किया गया था। जिसमें 10 शिक्षक शिक्षिकाएं अनुपस्थित मिले थे, जिन्हें नोटिस जारी कर जवाब मांगा गया है। पामगढ़ विकासखंड में सभी ऑफिस में लगभग यही चल रहा है। सभी ऑफिस मनमानी तरीके से संचालित हो रहे हैं। लगातार हो रही कार्रवाई से उनमें हड़कंप मचा हुआ है।




### की जाएगी कार्रवाई

बीईओ कार्यालय में पदस्थ 12 स्टाफ में से 9 स्टाफ अनुपस्थित होने की जानकारी मिली है। नियमों के तहत अधिकारी एवं कर्मचारियों को नोटिस जारी कर स्पष्टीकरण मांगा जाएगा।

**-राजकुमार तंबोली ,**
अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
पामगढ़

# 49 वाहन चालकों से वसूला गया 14 हजार जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

ट्रेक्टर वाहनों में रिफलेक्टर ग्लास नही लगाने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध लगातार की जा रही है। इसी के तहत कुल 49 वाहन चालकों से 14 हजार 7 सौ रुपए जुर्माना वसूल किया गया है।

मिली जानकारी के अनुसार जिला पुलिस यातायात द्वारा 27 दिसंबर को विभिन्न धाराओं के तहत कार्यवाही की गई। जिसमें वाहनों में नम्बर प्लेट अस्पष्ट होना, नो पार्किंग में वाहन खड़ी करना, मोटर सायकल में तीन सवारी वाहन में रिफलेक्टर ग्लास नही होना, पार्किंग लाईन का नही होना एवं अलग-अलग धाराओं के तहत कार्यवाही किया गया जिसमे थाना जांजगीर में 7 वाहन चालकों के विरुद्ध कार्यवाही करते हुए 21 सौका समन शुल्क, थाना मुलमुला में 11 वाहन चालकों से 33 सौ, यातायात पुलिस द्वारा 31 वाहन चालकों के विरुद्ध कार्यवाही करते हुए 14 हजार 7 सौ का समन शुल्क लिया गया है।



29 Dec-Jash Bhoomi pg 3_Layout 1 12/28/2023 7:35 PM Page 1



## खबर संक्षेप

### राष्ट्रीय शालेय तैराकी स्पर्धा में भाग लेंगे पार्थ



**कोरबा।** राज्य एवं राष्ट्रीय शालेय खेलकूद प्रतियोगिता में तैराकी में एक के बाद एक पदक जीत चुके पार्थ श्रीवास्तव जिले के एकमात्र तैराक हैं जो अब तक कि विभिन्न तैराकी प्रमियोगिताओं में कई पदक जीत चुके हैं। लगातार राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में अपने बेहतर प्रदर्शन से पदक जीतने वाले पार्थ का चयन दिल्ली के तालकटोरा स्विमिंग पुल में आयोजित होने वाली 67वीं राष्ट्रीय स्कूल गेम्स के लिए हुआ है प्रतियोगिता 3 जनवरी 2024 से 9 जनवरी 2024 तक दिल्ली के तालकटोरा स्विमिंग पूल में आयोजित हो रहा है। जिसमें जिले के एकमात्र तैराक पार्थ श्रीवास्तव का चयन हुआ है। पार्थ श्रीवास्तव न्यू ऐरा प्रोग्रेसिव स्कूल रामपुर में ग्यारहवीं के छात्र हैं। पार्थ श्रीवास्तव इससे पूर्व 37वीं नेशनल गेम्स जो की गोवा में आयोजित हुआ था, उसमें वे 9वीं पोजिशन में आए थे। पार्थ श्रीवास्तव इस वर्ष के नेशनल स्कूल गेम्स में पदक के दावेदार हैं। पार्थ श्रीवास्तव नेशनल स्कूल गेम्स में 200 ,400 और 800 मीटर फ्री स्टाइल में अपना जौहर दिखाएंगे। पार्थ श्रीवास्तव इसके पूर्व अपने राज्य स्तरीय तैराकी प्रतियोगिता में अपने सभी इवेंट्स में गोल्ड मेडल जीत कर अपना चयन नेशनल की प्रतियोगिता के लिए करवाए है।

### त्यौहार शत्रुनता व वैमनस्य को भुलाकर मित्रता, सत्यता का पाठ पढ़ाती है:डॉ. गुप्ता




**कोरबा।** त्यौहारों का देश कहा जाने वाला देश भारत जहाँ हर त्यौहार बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया जाता है, चाहे वह धार्मिक त्यौहार हो चाहे राष्ट्रीय त्यौहार। दिसम्बर जो कि पूरे वर्ष का अंतिम समय अंतिम महिना है, ऐसे में जहाँ हम अपने पूरे वर्ष के कार्यों की समीक्षा कर, पुराने की विदाई हेतु भाव विभोर रहते हैं, उसी समय जिंगल बेल की धुन पर सैंटा हमारे बीच क्रिशमस की सौगात लेकर नये वर्ष का स्वागत करता हमारे चेहरे पपर खुशियों के रंग बिखेरता हैं। दीपका स्थित इंडस पब्लिक स्कूल में बड़े ही हर्षोल्लाष के साथ क्रिशमस का त्यौहार मनाया गया इस अवसर पर विद्यालय में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। सर्वप्रथम क्रिशमस के पावन अवसर पर परंपरानुसार केक काटकर सभी को क्रिशमस की शुभकामनाऐं दी गई। छोटे-छोटे बच्चों ने सांता क्लास का मनमोहक रूप धारण कर सबको क्रिसमस की बधाइयां दी। सैंटा बने बच्चों ने अन्य विद्यार्थियों को चॉकलेट बांटकर क्रिसमस की खुशियां बांटी। इस अवसर पर शिक्षिका श्रीमती स्वाति सिंह ने अपने उद्बोधन में बच्चों को बताया कि क्रिशमस का त्यौहार प्रभु ईशा मसीह के जन्म दिवस के रूप में मनाया जाता है तथा श्री फैडरिक ने बताया कि निःस्वार्थ भाव से सेवा एवं सत्य के मार्ग पर सतत रूप चलना ही मानव का उद्देशय होना चाहिए। प्राचार्य डॉ.संजय गुप्ता ने कहा कि अनेकता में एकता यह हमारी विशेषता है। सभी त्यौहारों से हमें जो शिक्षा मिलती हैं, उसे जीवन में आत्मसात करना चाहिए। हर त्यौहार हमें शत्रुनता व वैमनस्य को भूलाकर मित्रता एवं सत्यता का पाठ पढ़ाती है। हमें सच्चे दिल से हर त्यौहार को मनाना चाहिए उससे मिलने वाली सीख को अपने जीवन में लाना चाहिए।

### जिला मेडिकल कॉलेज अस्पताल में 10 बिस्तर वाला आईसोलेशन वार्ड तैयार

**कोरबा।** जिले में कोविड-19 संक्रमण के रोकथाम हेतु आवश्यक तैयारी करते हुए जिला मेडिकल कॉलेज अस्पताल में कोरोना संक्रमित मरीज के उपचार हेतु 10 बिस्तर सुसज्जित आईसोलेशन वार्ड तैयार किया गया है। उक्त सभी 10 बेड ऑक्सीजन पाईप लाईन से जुड़े हुए हैं। साथ ही आईसोलेशन वार्ड में आवश्यक उपकरण वेंटिलेटर, बी-पैप, सी-पैपए ऑक्सीजन कंसन्ट्रेटर के साथ जीवनरक्षक दवाईयाँ की उपलब्धता सुनिश्चित की गई है। चिकित्सालय में 2 ऑक्सीजन प्लांट संचालित है। चिकित्सालय में पूर्व से ही संचालित वायरोलोजी लैब में आरटीपीसीआर रिएजेण्ट एवं किट पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है। जिससे कोरोना की जॉंच निरंतर जारी है। साथ ही वार्ड में आवश्यक तैयारी जायजा लेने हेतु मॉक ड्रिल भी पूर्ण कर लिया गया है। 26 दिसंबर को जारी कोरोना बुलेटिन के मुताबिक दुर्ग में चार और रायपुर में एक संक्रमित मरीज फिर मिले हैं।

### सब इंस्पेक्टर के रिजल्ट जारी करने युवाओं ने निकाला कैंडल मार्च

**कोरबा।** प्रदेश में सब इंस्पेक्टर के लिए वर्ष 2018 में हुए भर्ती परीक्षा का रिजल्ट 5 साल से अटका हुआ है। कांग्रेस सरकार का पूरा कार्यकाल गुजरने तक अभ्यार्थियों ने रिजल्ट जारी होने का इंतजार किया। अब नई सरकार आने के बाद उक्त भर्ती परीक्षा रद्द न कर दिया जाए इसे लेकर अभ्यार्थियों में चिंता बढ़ गई है। इसलिए जिले सहित प्रदेश में अभ्यार्थियों द्वारा जल्द रिजल्ट जल्द जारी करने की मांग की जा रही है। इसी कड़ी में मंगलवार की शाम जिले में अभ्यार्थी जो सब इंस्पेक्टर परीक्षा दे चुकें है वे सुभाष चौक से घंटाघर तक कैंडल मार्च निकालकर रिजल्ट जारी करने की मांग किए।

## शहरी क्षेत्र के लोड को डिवाइड करने विभाग की हो रही है पहल

# चार सब स्टेशन की निर्माण गति सुस्त, अब तक नहीं हो पाया चार्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

गर्मी के दिनों में शहरी क्षेत्र में बिजली की डिमांड बढ़ जाती है और ट्रांसफार्मर पर लोड बढ़ जाता है जिसकी वजह से पावर कट की समस्या आम हो जाती है। इस समस्या से निजात दिलाने के लिए शहरी क्षेत्र में विद्युत विभाग द्वारा चार अलग-अलग स्थान पर सब स्टेशन पर स्थापित करने की दिशा पर पहल की गई है और सब स्टेशन का काम चल भी रहा है लेकिन अब तक सब स्टेशन का काम पूरा नहीं हो पाया है यदि आने वाले गर्मी में यह काम पूरा नहीं हो पाया तो निश्चित तौर पर शहरवासियों को बिजली के लिए फिर से दो-चार होना पड़ेगा।

**खास बात**

- गर्मी में नहीं हुआ चार्ज तो उपभोक्ताओं को झेलनी पड़ेगी फिर परेशानी


फाइल फोटो

**मार्च के पहले किया जाएगा चार्ज**

शहरी क्षेत्र की विद्युत व्यवस्था को दुरुस्त करने चार सब स्टेशन के निर्माण का काम चल रहा है। जिसमें से खरमोरा सब स्टेशन 15 दिन के भीतर चालू होने की उम्मीद है जबकि शेष 3 सब स्टेशन को मार्च के पहले चार्ज किया जाएगा।

- प्रेम लाल सिदार
अधीक्षण यंत्री, विद्युत वितरण विभाग

उल्लेखनीय है कि विद्युत वितरण विभाग के स्थानीय अफसर द्वारा शहरी क्षेत्र के पाड़ीमार जोन, तुलसी नगर जोन और दर्री जोन में चार अलग-अलग सब स्टेशन बनाने का प्रस्ताव भेजा गया था। जहां से स्वीकृति मिलने के बाद शहर के सुनालिया मोड़ पर, खरमोरा, मिनीमाता कॉलेज के पीछे व दर्री सहित चार अलग-अलग स्थान में करोड़ों की लागत से सब स्टेशन तैयार किया जा रहा है लेकिन जिस गति से काम चल रहा है इससे काम लगातार पिछड़ते ही जा रहा है। अब तक सब स्टेशन को चार्ज हो जाना था लेकिन अब तक चारों सब स्टेशन में से एक भी चार्ज नहीं हो पाया है। आने वाले कुछ दिनों में मार्च के महीने से गर्मी शुरू हो जाएगा और ऐसे में सब स्टेशन चार्ज नहीं हुआ तो निश्चित तौर पर शहरवासियों को बिजली के लिए फिर से परेशानियों का सामना करना पड़ेगा। हालांकि विद्युत विभाग के अफसर का मानना है कि गर्मी के पहले जो सब स्टेशन को तैयार कर चार्ज कर लिया जाएगा और इस गर्मी में शहरवासियों को बेहतर विद्युत आपूर्ति हो सके इस दिशा पर पहल होगी। चारों सबस्टेशन के चार्ज होने जाने के बाद लोड की समस्या ना के बराबर रहेगी और लोड डिवाइड हो जाएगा जिससे समस्या काफी हद तक दूर हो जाएगी।

**मार्च से बढ़ेगी बिजली की डिमांड**

हालांकि अभी ठंड का मौसम चल रहा है बिजली की डिमांड बहुत कम है और ऐसे में विद्युत विभाग के स्थानीय अफसर व कर्मचारी अभी राहत की सांस ले रहे हैं लेकिन आने वाले मार्च के महीने से गर्मी दस्तक देगी और गर्मी के साथ ही बिजली की डिमांड बढ़ेगी। ऐसे में जैसे-जैसे बिजली की डिमांड बढ़ती है वैसे-वैसे ट्रांसफार्मर पर भी लोड बढ़ना शुरू हो जाता है। जिससे बिजली की समस्या भी लगातार बढ़ती ही जाती है इसलिए स्थानीय अफसर को गर्मी को ध्यान में रखकर अभी से बिजली की सारी व्यवस्था करनी चाहिए ताकि शहरवासियों को और उपभोक्ताओं को बिजली के लिए फिर से गर्मी में परेशानी ना हो।

**गर्मी में सबसे ज्यादा होता है पावरकट**

हालांकि अभी गर्मी का सीजन आने में 2 महीना शेष है। मार्च के महीने से जैसे-जैसे सूर्य की तपिश तेज होगी अप्रैल मई के महीने में बिजली की डिमांड सबसे ज्यादा पिक पर होती है जो लगातार जून जुलाई तक जाता है। ऐसे में शहरी क्षेत्र या ग्रामीण क्षेत्र की बात करें तो पावर कट की समस्या आम हो जाती है। बीते वर्ष शहरी क्षेत्र में पावरकट की समस्या इतनी विकराल रूप ले चुकी थी कि शहरवासियों का कई बार आक्रोश भी फूट पड़ा था इसके लिए स्थानीय अफसर व राजधानी के अफसरों को भी फटकार खानी पड़ी थी और राजधानी के अफसर भी यहां पहुंचे थे और शहर की विद्युत व्यवस्था को बहाल करने की दिशा पर पहल भी की थी। हालांकि अब इस गर्मी में पता चलेगा कि शहर की विद्युत व्यवस्था किस हद तक सुधरी है या नहीं।

## बिरसा मुंडा व शहीद वीर नारायण सिंह के नाम पर हो नया संयंत्र


सीएम से मुलाकात करते संघ के पदाधिकारी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

भारतीय मजदूर संघ के केंद्रीय एवं छत्तीसगढ़ के प्रदेश पदाधिकारियों ने छत्तीसगढ़ के नए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से मुलाकात कर श्रमिक हितों से जुड़े विभिन्न मांगे रखी। जिसपर मुख्यमंत्री ने सभी मांगों को पूरा करने का आश्वासन दिया है। संघ के पदाधिकारियों ने कहा है कि मुख्यमंत्री श्री साय के नेतृत्व में प्रदेश चहुंमुखी विकास करेगा।

भारतीय मजदूर संघ राष्ट्रवादी संगठन है जो कि भारत के लगभग सभी राज्यों में पूरे प्रदेश के श्रमिकों के हित में निरंतर कार्य कर रहा है। भारतीय मजदूर संघ के प्रदेश महामंत्री नरोत्तम धृतलहरे ने बताया कि भारतीय मजदूर संघ का त्रैवार्षिक अधिवेशन 20 व 21 जनवरी को औद्योगिक क्षेत्र दल्ली राजहरा में आयोजित होगा। जिसके लिए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को आमंत्रित किया गया है। भिलाई इस्पात संयंत्र में कार्यरत कर्मचारियों के वेतन समझौता पूर्ण करवाने व एरियर्स दिलवाने हेतु सहयोग प्रदान करने तथा भिलाई इस्पात संयंत्र में ठेका श्रमिकों को राज्य शासन की दर पर मजदूरी का भुगतान किया जाता है जबकि भिलाई इस्पात संयंत्र केन्द्र सरकार का उपक्रम है और केन्द्र सरकार का मजदूरी दर राज्य सरकार की दर से ज्यादा है और भिलाई में केन्द्रीय श्रम कानून लागू होता है। संघ की मांग है कि कोरबा में प्रस्तावित 1320 मेगावाट नये संयंत्र का नामकरण भगवान बिरसा मुंडा या शहीद वीरनारायण सिंह के नाम पर किया जाए, विद्युत कंपनी में भी पुरानी पेंशन योजना शुरू कि जाए साथ ही लंबे समय से संविदा में कार्यरत लाईन कर्मचारियों को नियमितिकरण करते हुए बोनस एवं मंहगाई भत्ता प्रदान किया जाए, कांग्रेस सरकार के गठन होते ही भाजपा द्वारा लागू औद्योगिक विवाद अधिनियम को समाप्त कर औद्योगिक संबंध अधिनियम लागू करके बालको संयंत्र में कार्यरत इंटक यूनियन को अनुचित ढंग से मान्यता दे दिया गया है। श्रम विभाग को आदेशित करते हुए तत्काल चुनाव की प्रक्रिया प्रारंभ किया जाए, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहायिकाओं को कलेक्टर दर पर भुगतान किया जाए तथा रिक्त पदों पर विभागीय कार्यकर्ताओं की भर्ती 50 प्रतिशत तक किया जाए। प्रदेश में कार्यरत रसोइयों कार्यकर्ताओं को विगत 2 से 3 माह का मानदेय प्राप्त नहीं हुआ है तथा कई जिलों में 4 से माह तक मानदेय प्राप्त नहीं हुआ है। नियमित भुगतान की पहल की जाए, घोषणा पत्र के अनुरूप मितानीनों की मानदेय में 50 प्रतिशत राशि की वृद्धि किया जाए। इस दौरान सुनील किरवई, सुरेन्द्र पाण्डे, आरएस जायसवाल, शोभा सिंहदेव, भोला प्रसाद तिवारी, नरोत्तम धुतलहरे, सुश्री रीता एक्का, दिनेश पांडे, सोनिया मरावी, शंख ध्वनि सिंह बनाफर, योगेश दत्त एवं सुंदर सिंह वर्मा आदि उपस्थित रहे।

**खास बात**

- भारतीय मजदूर संघ ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से मुलाकात कर रखी मांग

# जिले के 5 ब्लॉकों में 3 करोड़ 30 लाख की लागत से तैयार होंगे 10 उप स्वास्थ्य केंद्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले के पांचों विकासखंडों में नवीन उप स्वास्थ्य केंद्र निर्माण के लिए स्वीकृति मिल गई है। प्रतिवर्ष जिले को जारी होने वाले 15वें वित्त की राशि 3 करोड़ 30 लाख रुपए खर्च कर 10 नए उप स्वास्थ्य केंद्र तैयार किए जाएंगे। इसके लिए प्रति इकाई 28 लाख 51 हजार की राशि निर्धारित की गई है। इसे लेकर प्रबंध संचालक राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन छग को स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा प्रशासकीय स्वीकृति से संबंधित पत्र भी जारी कर दिया गया है।

उल्लेखनीय है कि जिले सहित प्रदेश के अन्य जिलों में स्वास्थ्य सुविधा बेहतर करने के उद्देश्य से वर्ष 2021 में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन छग की निदेशक डॉ नेहा गर्ग के द्वारा नवीन उप स्वास्थ्य केंद्र भवन निर्माण के लिए परिवार कल्याण मंत्रालय निर्माण भवन दिल्ली को पत्र प्रेषित कर आग्रह किया गया था। इस पत्र के दो साल बाद स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय नई दिल्ली ने राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन छग की निदेशक के प्रस्ताव को स्वीकृत करते हुए नवीन उप स्वास्थ्य केंद्र भवन निर्माण को हरी झंडी दे दी है। यह एक बड़ा प्रोजेक्ट होगा जिसके तहत 15वें वित्त की राशि से न केवल कोरबा में बल्कि प्रदेश के सभी जिलों में 544 नवीन उप स्वास्थ्य केंद्रों का निर्माण होगा। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय दिल्ली के द्वारा प्रशासकीय स्वीकृति जारी करने से संबंधित पत्र में उल्लेख किया गया है कि केंद्र सरकार द्वारा प्रदेश के जिलों में 544 नवीन उप स्वास्थ्य केंद्र के अधोसंरचना निर्माण हेतु प्रति संस्था 28.51 लाख के मान से 15509.44 लाख रुपए की प्रशासकीय स्वीकृति दी जाती है। पत्र में प्रदेश के अन्य जिलों के साथ ही कोरबा जिले में भी 10 नवीन उप स्वास्थ्य केंद्रों के निर्माण का रास्ता प्रशस्त हो गया है। उक्त सभी नवीन उप स्वास्थ्य केंद्र जिले के पांचों विकासखंड में तैयार होंगे। इसके लिए जल्द ही राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन छग के द्वारा निविदा की प्रक्रिया शुरु की जाएगी।

**सबसे अधिक कटघोरा ब्लॉक में बनेंगे उप स्वास्थ्य केंद्र**

सबसे अधिक नवीन उप स्वास्थ्य केंद्र का निर्माण कटघोरा ब्लॉक में होना है। कटघोरा ब्लॉक अंतर्गत चाकाबुड़ा में एक, छुरीकला में एक, विजय नगर कटघोरा में एक, सिंचाई कॉलोनी कटघोरा में एक एवं मुख्य शहर कटघोरा में एक नवीन उप स्वास्थ्य केंद्र का निर्माण किया जाएगा। इस तरह से कुल 10 नए उप स्वास्थ्य केंद्रों में से कटघोरा ब्लॉक में ही 5 स्वीकृति प्राप्त हुई है। इसके अलावा कोरबा ब्लॉक के रामसागरपारा में एक, करतला ब्लॉक के खरवानी में एक, पाली ब्लॉक के ग्राम पंचायत राहा में एक और ग्राम पंचायत चैतमा में नवीन उप स्वास्थ्य केंद्र तैयार किए जाएंगे।

### केसीसी ने किया जलप्रपात शैक्षणिक भ्रमण

**कोरबा।** कोरबा शिक्षण समिति द्वारा संचालित अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय बिलासपुर से सम्बद्ध कोरबा कम्प्यूटर महाविद्यालय द्वारा अपने विद्यार्थियों के विकास हेतु शैक्षणिक भ्रमण तथा वनभोज का आयोजन लेमरू, देवपहरी के समीप नकिया में आयोजित किया गया। महाविद्यालय के निर्देशक राजेश अग्रवाल के मार्गदर्शन में इस कार्यक्रम का संपन्न हुआ। इस दौरान छात्र-छात्राओं ने हाइड्रो-जनरेशन पॉवर प्लांट का निरीक्षण कर, पर्यावरण एवं पारिस्थितिक तंत्र का अवलोकन किया तथा विद्यार्थियों को स्वल्पाहार वितरित किया गया।

## दो दिवसीय कैपेसिटी बिल्डिंग प्रोग्राम का हुआ समापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा




डीएवी सीएई एवं रीजनल ट्रेनिंग सेंटर छत्तीसगढ़ के तत्वाधान में डीएवी मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल जेंजरा में दो दिवसीय कैपेसिटी बिल्डिंग प्रोग्राम फेस टू 26 से 27 दिसंबर का आयोजन उपक्षेत्रीय अधिकारी व प्रशिक्षण समन्वयक प्रशांत कुमार के दिशा -निर्देशन में तथा कोरबा जोन -ई की सहायक क्षेत्रीय अधिकारी डॉ श्रीमती राज रेखा शुक्ला के मार्गदर्शन में व खरमोरा के प्राचार्य हेमंतो मुखर्जी, सैला पाली के प्राचार्य के. बी पांडेय, भंवर के प्रभारी प्राचार्य विवेक जयसवाल, बड़मार के प्रभारी प्राचार्य राजू साहू के सहयोग से सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस कार्यशाला में कोरबा में संचालित समस्त डीएवी मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल के विभिन्न विषयों के 70 शिक्षक- शिक्षिकाएं प्रशिक्षित हुए जिसमें प्रशिक्षित करने के लिए डीएवी (सीएई) के द्वारा नियुक्त मास्टर ट्रेनर भारती जटवार, शशि भूषण पाधी, विनीता गुमास्था, निशा नायर, ओम प्रकाश काटरे, डी.के पांडा, पूनम जयसवाल, स्वेता जयसवाल एवं गोविंद प्रसाद पाण्डेय के द्वारा सभी प्रशिक्षकों को प्रशिक्षण दिया गया जिसमे विभिन्न कौशलों व बच्चों की प्रतिभा में निपुणता, गुणवत्ता, लाभकारी व रुचिकर बनाने के गुण और तरीके भी बताए गए। साथ ही वैदिक हवन-यज्ञ कराया गया। अंत में संस्था प्रमुख डा श्रीमती राज रेखा शुक्ला ने इसमें सभी विषय प्रशिक्षकों को स्मृतिचिन्ह प्रदान कर उनका आभार व्यक्त किया एवं उन्होंने कहा यह कार्यशाला तभी सफल माना जायेगा जब हमारे प्रशिक्षक इसे अपने विद्यालय में क्रियान्वयन करेंगे। कार्यक्रम के समापन समारोह में सभी स्कूलों से आए जिनमे प्रभात कुमार पंडा, मनीषा राजपूत, सोनी सिंह, संगीता पांडेय, प्रीति अग्रहरि ने इस कार्यशाला से प्राप्त हुए ज्ञान और शैक्षणिक पद्धति का प्रयोग करने पर अपने विचार व्यक्त किया। खरमोरा के प्राचार्य हेमंतो मुखर्जी ने कहा कि इस कार्यशाला से प्रशिक्षण पश्चात प्रशिक्षक इस क्षमता संवर्धन कार्यक्रम का शिक्षण में पूर्ण रूप से उपयोग करेंगे। इस कार्यशाला के द्वारा वे अपने विद्यालयों में जाकर बच्चों के बहुमुखी विकास के लिए पूर्ण रूप से योगदान देंगे। सभी प्रशिक्षकों को प्रमाण-पत्र भी दिया गया।

# कलेक्टर ने ली साप्ताहिक समय सीमा की बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कलेक्टर सौरभ कुमार ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में समय सीमा की बैठक लेकर विभागीय अधिकारियों से जिले में प्रधानमंत्री जनमन योजना, विकसित भारत संकल्प यात्रा, राजस्व प्रकरणों एवं मुख्य विकास कार्यों की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने सभी विभागीय अधिकारियों को शासन की योजनाओं के क्रियान्वयन में गति लाने और नियमित मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए।

बैठक में कलेक्टर ने बताया कि प्रधानमंत्री जनमन योजना में 74 बसाहटों में रहने वाले 1200 परिवारों के लगभग 4 हजार से अधिक लोगों को विभिन्न योजनाओं के तहत पात्रतानुसार लाभान्वित किया जाएगा। कलेक्टर ने योजनांतर्गत जिले में विशेष पिछड़ी जनजाति समूह की सामाजिक आर्थिक उन्नति के लिए चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं की प्रगति की जानकारी लेते हुए जिले के चिन्हांकित सभी पीव्हीटीजी समुदाय के लोगों को प्रधानमंत्री जनमन योजना का लाभ दिलाने मिशन मोड में कार्य करने की बात की। साथ ही सर्वे के पश्चात प्राप्त आंकड़े के आधार पर चिन्हांकित लोगों को लाभान्वित करने हेतु पूरी तत्परता से कार्य करने अधिकारियों को निर्देशित किया। उन्होंने योजना के मॉनिटरिंग हेतु जिला एवं ब्लॉक स्तर पर नोडल अधिकारी बनाने तथा कमेटी गठित करने की बात कही। साथ ही योजना के बेहतर क्रियान्वयन के लिए प्रशिक्षण आयोजित करने तथा सर्वे का प्रारूप बनाने के लिए भी कहा। बैठक में कलेक्टर ने विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत विकासखंड वार ग्राम पंचायतों में किए गए कार्यों की समीक्षा करते हुए कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा केंद्र शासन की महत्वपूर्ण योजना है। सभी अधिकारी इसे सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए योजना के सफल क्रियान्वयन के लिए विशेष तौर पर कार्य करें। उन्होंने अधिकारियों को विकसित भारत संकल्प यात्रा के माध्यम से जनसामान्य को केन्द्र शासन की योजना से अधिक से अधिक लाभान्वित करने के लिए कहा। कलेक्टर सौरभ कुमार ने राजस्व प्रकरणों के निराकरण के अद्यतन स्थिति की जानकारी लेते हुए विवादित-अविवादित नामांतरण, सीमांकन सहित अन्य राजस्व प्रकरणों के निराकरण में समय-सीमा का विशेष ध्यान रखने एवं लंबित प्रकरणों को यथाशीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिए।

## कैबिनेट मंत्री का अधिवक्ता संघ ने किया सम्मान

# अधिवक्ताओं की हर समस्याओं का समाधान करने का होगा प्रयास: लखनलाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिला अधिवक्ता संघ कोरबा के तत्वावधान में बुधवार को जिला न्यायालय परिसर कोरबा में केबिनेट मंत्री एवं शहर विधायक लखनलाल देवांगन का जोरदार स्वागत किया गया। जिला अधिवक्ता संघ कोरबा के कार्यालय के उद्घाटन एवं केबिनेट मंत्री के सम्मान समारोह का आयोजन जिला न्यायालय परिसर कोरबा में किया गया था। सम्मान एवं स्वागत समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद लखनलाल देवांगन ने प्रतिष्ठापूर्ण चुनाव में विजय दिलाने के लिए सभी अधिवक्ताओं का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में अध्यक्ष संजय जायसवाल, सचिव नूतनसिंह ठाकुर, अशोक तिवारी, बीके शुक्ला, पूर्व अध्यक्ष गोपी कौशिक, भाजपा नेता प्रफुल्ल तिवारी एवं नरेंद्र पाटनवार मौजूद रहे। सचिव नूतनसिंह ठाकुर ने अधिवक्ता सुरक्षा अधिनियम की ओर मंत्री का ध्यान आकृष्ट कराया जिस पर श्री देवांगन ने उक्त मांग को भाजपा के घोषणा पत्र में होने की जानकारी देते हुए इसे विधानसभा में शीघ्र पेश करने का भरोसा दिया। कोरबा में जिला न्यायालय की स्थापना के दशकों बाद जिला अधिवक्ता संघ कोरबा के कार्यालय का शुभारंभ लखनलाल देवांगन ने किया इस अवसर पर अधिवक्ताओं की समस्याओं को दूर करने में हरसंभव प्रयास का आश्वासन दिया। कार्यक्रम में पार्षद अब्दुल रहमान, पार्षद धनश्री साहू, वरिष्ठ अधिवक्ता मनोज राठौर, डी के अग्रवाल, महेंद्र चंदेल, सुरेश सिंह,अखिलेश पांडे, राजेन्द्र पांडे, संतू साहु, राजेन्द्र साहु, दीपक दुबे, राजकुमार अज्ञेय, मंगल देवांगन, मधु पांडे, सरिता पांडे, सहित अधिवक्ता संघ के पदाधिकारी उपाध्यक्ष सुरेश शर्मा, महिला उपाध्यक्ष उत्तरा राठौर, कोषाध्यक्ष अमरनाथ कौशिक, सहसचिव के बी शांडिल्य, रवि भगत, कमलेश श्रीवास, क्रांति श्रीवास, सावित्री धांधी, विनोद साहु, जनक देवांगन, पोहर पांडे, सुरेश पटेल, रघुनंदन सिंह, गणेश कुलदीप, कल्पना पांडे, राजेश्वरी राठौर, मीनू त्रिवेदी , शबीना खातून, शबनम खान सहित सैकड़ों की संख्या में अधिवक्ता मौजूद रहे।


फीता काटते कैबिनेट मंत्री लखनलाल देवांगन एवं अधिवक्तागण।

### टाइगर्स क्लब बालको द्वारा क्रिकेट टूर्नामेंट का किया गया आयोजन



**कोरबा।** बालको टाइगर्स टीम के द्वारा रामलीला मैदान बालको नगर में क्रिकेट टूर्नामेंट सीजन 2 आयोजित किया जा रहा है। जिसमें खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने मुख्य अतिथि नेता प्रतिपक्ष हितानंद अग्रवाल को आमंत्रित किया गया। बालको टाइगर्स टीम की कमेटी से मैथ्यू, सुधीर, यहोसू, उमेश, अजय, यशवंत, कान्हा, आकाश, मेहता, प्रतीक आदि सदस्यों ने मुख्य अतिथि को खिलाड़ियों से मिलवाया जहां उन्होंने सभी को खेल भावना से खेलने के लिए प्रेरित किया। क्लब के द्वारा प्रतिवर्ष क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया जाता है। जिसमें कोरबा जिले के विभिन्न क्षेत्रों की क्रिकेट टीमें भाग ले रही हैं। इस वर्ष आयोजित क्रिकेट टूर्नामेंट दो पालियों में खेला जा रहा है। प्रतियोगिता का उद्घाटन करते हुए नगर पालिक निगम के नेता प्रतिपक्ष हितानंद अग्रवाल ने क्लब के आयोजकों को आयोजन के लिए शुभकामनाएं देते हुए कहा कि नगर में इस तरह की प्रतियोगिताओं का आयोजन क्लब के द्वारा अपने स्तर पर किया जा रहा है। ऐसी प्रतियोगिताओं से नगर एवं अन्य क्षेत्र की प्रतिभाओं को सामने आने का अवसर मिलता है।

## खबर संक्षेप

### कलश यात्रा के साथ श्रीमद् भागवत महापुराण सप्ताह ज्ञान यज्ञ प्रारंभ



**गोधना।** आदर्श ग्राम गोधना के अटल चौक में जय शबरी दाई महिला स्व सहायता समूह गोधना के द्वारा श्रीमद् भागवत महापुराण सप्ताह ज्ञान यज्ञ का आयोजन रखा गया है। श्रीमद् भागवत महापुराण का शुभारंभ गुरुवार को भव्य कलश यात्रा के साथ हुआ। कलश यात्रा कथा स्थल से होते हुए लंकेटर तालाब गई, जहां से जल भरकर भाठापारा, मिलन चौक, महावीर मोहल्ला, चंडी चौक, अंबेडकर चौक से होते हुए पुनः कथा स्थल पर पहुंची। व्यास महाराज पंडित राजेंद्र दुबे द्वारा विधि पूर्व के भागवत गीता को स्थापित कर कथा का प्रारंभ किया गया। इस कलश यात्रा में कीर्तन मंडली के साथ ही साथ बच्चों, महिलाएं एवं बुजुर्गों ने भाग लिया।

### देव किरारी में दो दिवसीय कबड्डी प्रतियोगिता कल से

**किरारी।** ग्राम देव किरारी में युवा समिति के तत्वाधान में प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी दो दिवसीय कबड्डी प्रतियोगिता का शुभारंभ शनिवार 30 दिसंबर को सुबह 9:30 से होगा। प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार 10001 रुपया एवं कप, द्वितीय पुरस्कार 7001 एवं कप, तृतीय पुरस्कार 5001 एवं कप, चतुर्थ पुरस्कार 3001 एवं कप दिया जाएगा। प्रवेश शुल्क 251रुपया रखा गया है। प्रतियोगिता के मुख्य अतिथि जनपद सदस्य विजया भुषण वैष्णव एवं पूर्व सरपंच सत्यनारायण कश्यप होंगे। आयोजन को सफल बनाने में फूलसिंग जगत, नीलू कश्यप, विरेन्द्र, हरमेश, आशुतोष, प्रताप, भोलाराम, राजेश यादव, दिनेश साहू, विजय, सुखदेव, रघुवीर,सुरज, विकास,करन,गोपेश, ओमकार, सूर्यकांत, किशोर, अविनाश, भुवनेश्वर, शिवा, पंकज, सोमू, करन यादव, उमेश, रामचरण कश्यप, सागर श्याम, रामनारायण कश्यप, पप्पू सहित युवा समिति कबड्डी प्रतियोगिता किरारी के पदाधिकारी जुटे हुए है।

### शैक्षणिक भ्रमण पर छात्र-छात्राएं पहुंचे केलो डेम, देखी सिंचाई व्यवस्था



**बेल्हाडीह-लवसरा।** ग्राम लवसरा के एच. आर. जी. स्मृति हायर सेकंडरी स्कूल लवसरा के विद्यार्थीयों ने केलो डेम रायगढ़ का शैक्षणिक भ्रमण कर वहां का मनोरम दृश्य देखा। इस दौरान वहां के केलो परियोजना जो की सन 2009 मे प्रारम्भ हुआ एवं वृहद सिंचाई व्यवस्था की जानकारी विद्यार्थियों ने प्राप्त किया। साथ ही साथ शैक्षणिक भ्रमण के दौरान बच्चों को भोजन कराया गया, जिसका आनंद सभी विद्यालयी छात्रों ने उठाया। इस दौरान विधालय के प्राचार्य आकाश साहू, प्रभारी प्राचार्य विकास साहू, शुभम केवट, कृष्णकांत गोंड, चंद्रानी साहू, डुमलेश्वरी पटेल, जागृति साहू, गितिका बरेठ, हर्षकला बरेठ, अंजलि साहू, कौशल्या केवट, उर्वशी बरेठ, रुक्मणी पटेल, प्रदीप बरेठ, भूपेंद्र साहू, एवं सभी शिक्षक शिक्षिका छात्र-छात्राओं द्वारा सैनिक भ्रमण का आनंद उठाया गया।

## निधन

### श्रीमती रामायण बाई साहू

**जांजगीर-चांपा।** ग्राम चिस्दा के प्रतिष्ठित नागरिक स्वर्गीय होरीलाल साहू की धर्मपत्नी श्रीमती रामायण



बाई साहू का रविवार 24 दिसंबर को निधन हो गया। वे 74 वर्ष की थी। उनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया। मुखाग्नि जेष्ठ सुपुत्र उत्तरा कुमार साहू ने दी। वे रामकुमार साहू एवं श्याम कुमार साहू के माता और चूड़ामणि साहू के दादी थी। उनकी अंतिम यात्रा में स्वजातीय बंधुओं के अलावा ग्रामवासी बड़ी संख्या में शामिल हुए।

सुविधाओं के बारे में ली जानकारी, दिए आवश्यक दिशा-निर्देश

# कमिश्नर ने धान उपार्जन केंद्र का किया औचक निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ सक्ती

बिलासपुर संभाग के कमिश्नर ने धान उपार्जन केंद्र चंद्रपुर पहुंचकर औचक निरीक्षण किया। कमिश्नर ने धान उपार्जन केन्द्रों में उपस्थित किसानों से उपलब्ध सुविधाओं के बारे में जानकारी ली और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

राज्य शासन के निर्देशानुसार खरीफ विपणन वर्ष 2023-24 अंतर्गत 1 नवंबर से जिले में पंजीकृत किसानों से समर्थन मूल्य पर धान खरीदी संबंधी कार्य किया जा रहा है, जिसका गुरुवार 28 दिसंबर को बिलासपुर संभाग के कमिश्नर के. डी. कुंजाम ने धान उपार्जन केंद्र चंद्रपुर पहुंचकर औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने धान की गुणवत्ता व नमी की मात्रा, समिति प्रभारी से कुल धान खरीदी की मात्रा, मिलर्स द्वारा धान उठाव की स्थिति, पंजीकृत किसानों एवं धान क्रय कर चुके किसानों की अद्यतन स्थिति, बारदाना की उपलब्धता सहित अन्य महत्वपूर्ण विषयों के संबंध में जानकारी ली और आवश्यक निर्देश दिए। कमिश्नर श्री कुंजाम ने धान उपार्जन केन्द्रों में उपस्थित किसानों से उपलब्ध सुविधाओं के बारे में भी जानकारी ली। संभागायुक्त ने जिला खाद्य अधिकारी, जिला विपणन अधिकारी, सहकारिता अधिकारी सहित सभी संबंधित अधिकारियों को शासन के निर्देशानुसार सुव्यवस्थित ढंग से धान खरीदी कार्य करने के निर्देश दिए, जिससे किसानों को किसी भी प्रकार की परेशानी ना हो। निरीक्षण के दौरान प्रभारी कलेक्टर सुश्री दिव्या अग्रवाल सहित अन्य राजस्व अधिकारी और अन्य संबंधित अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।



धान खरीदी केन्द्र का औचक निरीक्षण करते कमिश्नर के.डी. कुंजाम।

### किसानों को धान बिक्री के दौरान ना हो किसी प्रकार की परेशानी

**पामगढ़।** कमिश्नर के.डी. कुंजाम ने गुरुवार 28 दिसंबर को विकासखंड पामगढ़ के ग्राम लोहरसी एवं खरौद के धान खरीदी केंद्र का आकस्मिक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने प्रभारी से सही तौल कर धान खरीदने, बारदाना की उपलब्धता बनाए रखने एवं धान की लिमिट को बढ़ाने के लिए उच्च अधिकारियों से बात करने के निर्देश दिए ताकि तय समय में धान की संपूर्ण खरीदी हो सके। उन्होंने किसानों को हर संभव मदद करने एवं उन्हें किसी प्रकार की तकलीफ धान विक्रय के समय ना हो इस बात का विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए। इस दौरान उनके साथ अनुविभागीय अधिकारी राजस्व राजकुमार तंबोली, तहसीलदार श्रीमती प्रियंका बंजारा, नायब तहसीलदार विभोर यादव, शाखा प्रबंधक भूपेंद्र सिंह ठाकुर के अलावा विभागीय कर्मचारी उपस्थित थे।





ड्रोन स्प्रे के माध्यम से यूरिया छिड़काव की जानकारी देते अफसर।

## गेहूं व सरसों की फसल पर ड्रोन स्प्रे के माध्यम से यूरिया का छिड़काव

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

अकलतरा क्षेत्र के किसान गेहूं व सरसों की फसल पर ड्रोन स्प्रे के माध्यम से यूरिया खाद का छिड़काव कर रहे हैं। इससे न केवल समय की बचत हो रही है बल्कि मजदूरी लागत भी काम है, जिसका लाभ किसानों को मिल रहा है।

गौरतलब है कि अकलतरा क्षेत्र के किसान वैज्ञानिक तरीके से गेहूं व सरसों की फसल पर दवा छिड़काव करने पर जोर दे रहे हैं, जिसके तहत ड्रोन स्प्रे मशीन के माध्यम से यूरिया खाद का छिड़काव गेहूं एवं सरसों की फसल पर किया जा रहा है, जिससे न केवल समय की बचत हो रही है बल्कि किसानों को मजदूरी लागत भी कम पड़ रही है। अकलतरा क्षेत्र के बनाहिल गांव के किसान नवल सिंह 2 हेक्टेयर के जमीन पर गेहूं की फसल लगाए हुए हैं वहीं इस फसल को अब बढ़ाने के लिए खाद की जरूरत पड़ रही है। ऐसे में किसान वैज्ञानिक पद्धति से कृषि विभाग के अफसर की उपस्थिति में ड्रोन स्प्रे के माध्यम से यूरिया खाद का छिड़काव तैयार हो रहे गेहूं के फसल पर कर रहे हैं। इसी प्रकार अकलतरा क्षेत्र के ही ग्राम नरियरा के किसान महेंद्र कुमार ने अपने एक हेक्टेयर से अधिक के जमीन पर गेहूं एवं सरसों की फसल लगाए हुए हैं वही इन फसलों को खाद की जरूरत पड़ रही है ऐसे में किसान आधुनिक तकनीक के ड्रोन स्प्रे मशीन के माध्यम से यूरिया खाद का छिड़काव गेहूं एवं सरसों की फसल पर कर रहे हैं। इस संबंध में वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी नंदकुमार दिनकर का कहना है कि अकलतरा क्षेत्र के किसान इन दोनों गेहूं एवं सरसों की खेती कर रहे हैं उन्हें ड्रोन स्प्रे मशीन के माध्यम से यूरिया खाद का छिड़काव अपने खेतों में करने जानकारी प्रदान की जा रही है।

## पहले मैच में ध्यानचंद अकादमी ने हॉकी बालको को किया पराजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

जाजवल्य देव 7 ए साइड हॉकी प्रतियोगिता जांजगीर का क्वार्टर फाइनल मैच खेला गया। पहला मैच ध्यानचंद अकादमी विरुद्ध बालको के मध्य खेला गया। ध्यानचंद अकादमी ने हॉकी बालको को 05- 02 से पराजित किया। दूसरे मैच में जांजगीर टाइगर ने 7 स्टार जांजगीर को 01- 00 से तथा तीसरे मैच में जांजगीर किंग्स ने ध्यानचंद अकादमी को 02- 01 से पराजित किया।

जिला हॉकी संघ जांजगीर चांपा द्वारा आयोजित 4 दिवसीय हॉकी प्रतियोगिता के तीसरे दिन खिलाड़ियों के मार्गदशन व प्रोत्साहन के लिए आर के पांडेय पूर्व जिला क्रीड़ा अधिकारी, पार्षदगण सुधीर झाझडिया, अमित यादव, हितेश यादव, उमेश राठौर, पुष्पेंद्र निर्मलकर, मोतीलाल डहरिया, शिव चमन ठाकुर, कृष्णा देवांगन, पूर्व पार्षद अजीत गढ़वाल, प्राचार्य गुलाब चंद गढ़वाल, दिनेश सोनवान उपस्थित थे। गुरुवार को पहला मैच ध्यानचंद अकादमी विरुद्ध बालको के मध्य खेला गया। ध्यानचंद अकादमी ने हॉकी बालको को 05- 02 से पराजित किया,



उपस्थित अतिथि व खिलाड़ी।

उमाशंकर व गोलकीपर विक्रांत ने शानदार प्रदर्शन किया। दूसरे मैच में जांजगीर टाइगर ने 7 स्टार जांजगीर को 01- 00 से पराजित किया। पप्पू सारथी प्रदीप ने बेहतर खेल का प्रर्दशन किया। तीसरे मैच में जांजगीर किंग्स ने ध्यानचंद अकादमी को 02- 01 से पराजित किया। राज कटकवार, आयुष भास्कर ने बेहतर खेल दिखाया। मैच के अंपायर सूरज खरे, दीपक कहरा, अमित परमहंस, ओमप्रकाश गढ़वाल, राकेश गढ़वाल थे। कार्यक्रम को संपन्न कराने में जिला हाकी संघ के अध्यक्ष गोपेश्वर कहरा, राजीव सिंह ठाकुर, दीपक खरसन, सुमित सोनवाण, सतीश शर्मा, प्रदीप राठौर, चंद्रजीत सोनवान, देवानंद गढ़वाल, गायत्री सारथी, संजना साहू, भुनेश्वरी चौबे महत्वपूर्ण योगदान दिया।

## संगीतमय सुंदरकांड पाठ ने मोहा श्रद्धालुओं का मन

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

भारतीय स्टेट बैंक शाखा रायपुर के सेवानिवृत्त प्रबंधक एवं ग्राम तुलसी के मालगुजार स्व. पंडित चंद्रशेखर शुक्ला की स्मृति में गृहग्राम तुलसी में संगीतमय सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया। इस दौरान वाद्य यंत्रों की स्वरलहरियों के साथ सुंदरकांड की चौपाइयों ने सबका मन मोह लिया। कार्यक्रम में दुधाधारी मठ रायपुर एवं शिवरीनारायण मठ के मठाधीश महामंडलेश्वर राजेश्री महंत, जांजगीर-चांपा के विधायक ब्यास कश्यप विशेष रुप से उपस्थित थे।

**खास बात**
- पंडित चंद्रशेखर शुक्ला की स्मृति में तुलसी में हुआ धार्मिक आयोजन

कार्यक्रम का शुभारंभ ब्यास आचार्य पंडित ओमप्रकाश शर्मा द्वारा हनुमान जी की आराधना के साथ किया गया। तत्पश्चात संगीतमय सुंदरकांड पाठ हुआ। इसके बाद हनुमान जी का भजन तथा हनुमान जी व रामायण की आरती के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। इस मौके पर राजेश्री महंत रामसुंदर दास ने आशिर्वचन देते हुए पंडित चंद्रशेखर शुक्ला के स्मृति में आयोजित इस धार्मिक कार्यक्रम की सराहना की। उन्होंने शिवरीनारायण मठ मंदिर से शुक्ल परिवार के पुराने संबंधों का उल्लेख करते हुए इस तरह के आयोजन को पूर्वजों के पुण्य प्रताप और संस्कार से संपन्न होना बताते हुए इसे निरंतर बनाए रखने की बात कही। राजेश्री महंत ने आचार्य ओमप्रकाश शर्मा के द्वारा अब तक संपन्न 1705 सुंदरकांड पाठ के लिए उन्हें साधुवाद दिया। अंत में पंडित चंद्रशेखर शुक्ला के छायाचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। इस अवसर पर मुख्य यजमान श्रीमती प्रीति-मनोज शुक्ला, पंडित विद्याधर शुक्ला, डॉ. बलदेव शर्मा, पूणेन्द्र तिवारी, कमलेश सिंह बाबा, संदीप तिवारी, निर्मलदास वैष्णव, रफीक खान, आयोजक परिवार के डॉ. मनीष शुक्ला, डॉ. पंकज शुक्ला, आशीष शुक्ला, देवेन्द्र शुक्ला, निशांक शुक्ला, देवराज कश्यप, लक्ष्मी कश्यप, छहुरा यादव, रामप्रकाश कश्यप, उमाकांत कश्यप, सम्मेलाल यादव, दरस यादव सहित ग्रामवासी बड़ी संख्या में उपस्थित थे।



संगीतमय सुंदरकांड पाठ का गायन करते लोग।



## साहिबजादों के शौर्य, वीरता, त्याग और धर्मनिष्ठा को किया याद

**सक्ती।** जिला प्रशासन द्वारा सिख धर्म के दसवें गुरु गोविंद सिंह के पुत्रों साहिबजादो बाबा जोरावर सिंह व बाबा फतेह सिंह की शहादत की स्मृति में वीर बाल दिवस कार्यक्रम का आयोजन स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ठ अंग्रेजी माध्यम स्कूल में किया गया।

- स्वामी आत्मानंद स्कूल सक्ती में मनाया गया वीर बाल दिवस

कार्यक्रम में प्रभारी कलेक्टर दिव्या अग्रवाल, पुलिस अधीक्षक एम.आर. आहिरे, डीईओ बी.एल. खरे, भाजपा जिला अध्यक्ष कृष्णकांत चंद्रा, मेघाराम साहू, रामवतार अग्रवाल, खिलावन साहू, मांगेराम अग्रवाल, रामचंद्र, रामनरेश यादव जिला कोषाध्यक्ष भाजपा, नगर पालिका अध्यक्ष सुषमा जायसवाल शामिल हुए। इस अवसर पर बाबा जोरावर सिंह व बाबा फतेहसिंह के जीवनी का चित्र के माध्यम से और विद्यार्थियों के द्वारा बनाए गये मॉडल का प्रदर्शनी लगाया गया जिसे सभी अतिथियों द्वारा अवलोकन किया गया। आपको बता दे कि सन 1704 में आज ही के दिन तारिक 26 दिसंबर को सिख धर्म के दसवें गुरु गोविंद सिंह के दो साहिबजादे जोरावर सिंह और फतेह सिंह को इस्लाम धर्म कबूल न करने पर 7 व 9 वर्ष से भी कम आयु के इन दोनों साहिबजादो को सरहिंद के नवाब वजीर खां ने दीवार में जिंदा चुनवा दिया था और माता गुजरी को किले की दीवार से गिराकर शहीद कर दिया गया था। इन अमर शहीदों के वीरता, त्याग व धर्मनिष्ठा को अमर रखने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने हर साल 26 दिसंबर को वीर बाल दिवस मनाए जाने का एलान किया है।



कार्यक्रम में मंचस्थ अतिथिगण।

## राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ का प्राथमिक वर्ग संचालित

**बिर्रा।** सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बिर्रा में राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ सक्ती जिला सक्ती विभाग कोरबा का प्राथमिक वर्ग संचालित हो रहा है। यह वर्ग 23 दिसम्बर से 31 दिसंबर प्रातः तक संचालित रहेगा। इस वर्ग में कुल खंड 5, नगर 2, उपस्थित खंड 5, कुल मंडल 65 उपस्थित मंडल 22 कुल 90 शिक्षार्थी उपस्थित हुए। इसमें 20 शिक्षक, मुख्य शिक्षक, गण शिक्षक द्वारा शिक्षार्थियों को शारीरिक, बौद्धिक जिसमें शारीरिक के अंतर्गत दंड, नियुद्ध, पद विन्यास, समता, आचार विभाग सभी वरिष्ठ अनुभवी शिक्षकों के द्वारा प्रशिक्षित किया जा रहा है। इसके उद्घाटन में मन्मथ नाथ शर्मा, जिला कार्यवाह अमरदास मानिकपुरी, जिला प्रचारक बाबूलाल ,देवप्रसाद तिवारी,नेतराम कश्यप ,मनोज तिवारी ,राजेंद्र गिरी,राजू देवांगन, अवधेश कश्यप, ग्रामीण जन समिति के पदाधिकारी गण आचार्य बन्धु उपस्थित रहे।

## लायंस क्लब के निःसंतान दंपति जांच शिविर से 26 लाभान्वित

**चांपा।** अंतर्राष्ट्रीय समाजसेवी संस्था लायंस इंटरनेशनल की स्थानीय इकाई लायंस क्लब चांपा द्वारा अपनी समाजसेवी गतिविधियों के तहत विगत रविवार 17 दिसम्बर को आर.एल. हॉस्पिटल रायगढ़ के सहयोग से नगर व क्षेत्र के निःसंतान दंपतियों के लिए निःशुल्क जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर से कुल 26 निःसंतान दंपति लाभान्वित हुए।

- आर.एल. हॉस्पिटल रायगढ़ की डॉ. प्रिया अग्रवाल ने दी सेवाएं

शिविर में आने वाले लाभार्थियों का सर्वप्रथम पंजीयन किया गया। इसके बाद उनकी आवश्यक जांच की गई। इसके बाद उनकी समस्या से अवगत होकर डॉ. प्रिया अग्रवाल ने उन्हें जरूरी परामर्श दिया। इस दौरान शिविर में पहुंचे लायन डॉ. के.पी. राठौर ने पुष्पगुच्छ भेंट कर डॉ. प्रिया अग्रवाल का स्वागत करते हुए उनके प्रति शिविर में सहयोग के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया। शिविर से कुल 26 निःसंतान दंपति लाभान्वित हुए। शिविर के सफलतापूर्वक आयोजन में लायंस क्लब चांपा के अध्यक्ष लायन रामप्रपन्न देवांगन, लायंस क्लब शिक्षण समिति के चेयरमेन लायन डॉ. व्ही.के. अग्रवाल के अलावा अन्य सदस्यों का महत्वपूर्ण योगदान रहा।



डॉ. प्रिया अग्रवाल का स्वागत करते डॉ. के.पी.राठौर।




